दिनांक : 22.07.2025

समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- संसद के मानसून सत्र का आज दूसरा दिन, कल विपक्ष के हंगामा के चलते स्थगित की गई थी कार्रवाई।
- भोपाल में नवीन विधायक विश्रामगृह के द्वितीय चरण के निर्माण को स्वीकृति, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- प्रदेष में बारिष का दौर एकबार फिर षुरू, 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी।

उपराष्ट्रपति- इस्तीफा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कल अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में श्री धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। श्री धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सहयोग और समर्थन अमूल्य रहा है और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत कुछ सीखा है। श्री धनखड़ ने कहा कि इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और विचारों के लिए वे बहुत आभारी हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि इस दौरान भारत की उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति और अभूतपूर्व विकास को देखना और उसमें भाग लेना उनके लिये सौभाग्य और संतोष की बात है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास के इस बदलाव के युग में सेवा कर के उन्हें सच्चा सम्मान मिला है।

संसद मॉनसून सत्र

संसद का मानसून सत्र आज सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। कल सत्र प्रारंभ होने के पहले दिन लोकसभा में विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। विपक्षी सदस्य पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर तत्काल चर्चा की मांग कर रहे थे। तीसरे स्थगन के बाद शाम 4 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस, द्रविड मुनेत्र कझगम, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से सदन के सुचारू संचालन का

आग्रह करते हुए कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है और सूचीबद्ध विधेयकों पर चर्चा होनी चाहिए। हंगामा जारी रहने पर सभापति ने सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई।

महाकाल सवारी

प्रदेश के शिव मंदिरों में कल सावन के दूसरे सोमवार श्रृद्धालु बड़ी संख्या में दर्शनों के लिए पहुंचे। उज्जैन में परंपरागत रूप से ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की दूसरी राजसी सवारी धूमधाम से निकाली गई। बाबा महाकाल रजत पालकी में चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस सवारी में शामिल हुए। सवारी निकाले जाने के पहले भोपाल में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राजसी सवारी से सनातन संस्कृति का मान बढ़ता है।

सीएम हेल्पलाइन

सीएम हेल्प लाइन में दर्ज होने वाली शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग ने पहला स्थान हासिल किया है जबकि नगरीय विकास एवं आवास विभाग दूसरे स्थान पर रहा। सीएम हेल्प लाइन में जनवरी से जून 2025 के बीच दर्ज की गई शिकायतों के निराकरण को लेकर ग्रेडिंग की गई। इसमें ऊर्जा विभाग के पास 76,977 आवेदन आए। इनमें विभाग ने 91.03 प्रतिशत तक प्रकरण सुलझाए। वहीं नगरीय विकास ने प्राप्त आवेदन 49,867 शिकायतों में 89 प्रतिशत तक निराकरण कर दिया गया।

पंचायत चुनाव

पंचायत उप निर्वाचन-2025 में त्रि-स्तरीय पंचायतों में रिक्त पद के लिए 22 जुलाई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। सरपंच पद के लिए 49 और जनपद पंचायत सदस्य के 5 पदों के लिए मतदान होगा। सागर जिले की 4 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 9 मतदान केंद्रों और दमोह जिले के वार्ड-16 के जनपद सदस्य के निर्वाचन के लिए 9 मतदान केंद्रों में इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से मतदान कराया जाएगा। इन मतदान केंद्रों की मतदान प्रकिया का सीधा प्रसारण भी किया जायेगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय के सामने तथा सागर और दमोह में एक-एक स्क्रीन लगाई जाएगी।

दस्तक अभियान

प्रदेष में दस्तक अभियान का प्रथम चरण आज से शुरू हो रहा है। यह अभियान 16 सितंबर तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। भोपाल सहित विभिन्न जिलों में पांच साल तक के हर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। जिनमें निमोनिया और गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान व रेफरल एवं प्रबंधन, डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर द्वारा एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन. दस्त रोग की पहचान की जाएगी। एएनएम, आशा और

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी। अभियान के संबंध में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई हैं।

विधायक विश्रामगृह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में नवीन विधायक विश्रामगृह के द्वितीय चरण के निर्माण को स्वीकृति दी है। कल नवीन विधायक विश्रामगृह के निर्माण कार्य के भूमि पूजन अवसर पर उन्होंने यह घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा भवन निर्माण और वास्तुकला के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के उपयोग से बनने वाला यह भवन लोक कल्याण और जन सेवा के लिए विधायकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगा। राज्य सरकार ने विधायकों के कार्यालयों के आधुनिकीकरण के लिए बजट में 5-5 लाख रुपए के आवंटन का प्रावधान किया है। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि विधायक जनता का प्रतिनिधि होते हैं और उनको समयानुकूल सुविधाएं मिलना आवश्यक है और इसकी पूर्ति करने के लिए नए विधायक विश्राम गृहों का निर्माण किया जा रहा है। नए विधायक विश्राम गृह का निर्माण 14 एकड में होगा और इसमें करीब 160 करोड रूपए खर्च होंगे।

मौसम

प्रदेष में बारिष का दौर एकबार फिर षुरू हुआ। कल रात राजधानी भोपाल और इंदौर सहित कुछ जिलों में तेज बारिष हुई। भोपाल में आज सुबह भी बारिष हुई। मौसम विभाग ने जबलपुर समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मंडला, अनूपपुर, सिवनी, डिंडौरी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर, बैतूल, उमरिया, उज्जैन, हरदा, बड़वानी, रायसेन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, दमोह, शहडोल, श्योपुर, विदिशा, सीहोर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, सिंगरौली आदि जिलों में भी मौसम बदला रहा। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अगले चार दिन तक भारी बारिश का दौर रहने वाला है। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 20.7 इंच बारिश हो चुकी है। अगले दो दिन में प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट है।

सैफ-फुटबॉल

फुटबॉल में सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 का ड्रॉ जारी कर दिया गया है। मौजूदा चैंपियन भारत को ग्रुप-बी में पाकिस्तान, भूटान और मालदीव के साथ रखा गया है। दूसरी तरफ ग्रुप-ए में श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की टीमें होंगी। यह टूर्नामेंट 15 से 27 सितम्बर तक श्रीलंका के कोलंबों में खेला जाएगा।

क्रिकेट-भारतीय टीम

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड-बीसीसीआई ने बताया है कि ऑलराउंडर नीतिश कुमार रेड्डी घुटने में चोट के कारण इंग्लैं्ड के साथ एंडरसन- तेंदुलकर ट्रॉफी के बाकी दो टेस्ट् मैचों के लिए भारतीय टीम से बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह भी बाएं अंगूठे में गंभीर चोट के कारण चौथा टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे। दूसरी तरफ इंग्लैंड ने मैनचेस्टरर टैस्ट के लिए अपने 11 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। शोएब बशीर के स्थान पर लियाम डासन को टीम में शामिल किया गया है। डासन आठ वर्षों के बाद टेस्ट टीम से जुड़ रहे हैं। इंग्लैंड टीम के बाकी दस खिलाड़ी वही हैं जो लाड्र्स टेस्ट में थे।

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा क्रिकेट टेस्ट मैच कल से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। पांच मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड दो-एक से आगे है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रालय में कैबिनेट बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में लगभग एक दर्जन विधेयकों को मंजूरी दी जा सकती है।
- मध्यप्रदेश भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने के बाद बैठकों का दौर शुरू हो गया हैं। प्रदेश कार्यालय में कल भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक हुई। इस बैठक को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया।
- नीमच जिले के कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कल शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों के साथ बैठक की। कलेक्टर ने कहा कि सभी हाई स्कूल और हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्य अकादमिक प्लान तैयार कर उसके अनुरूप अध्यापन कार्य करवाएं।

-------